सुदर्शन सेतु

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा **सुदर्शन सेतु (जिसे ओखा-बेयट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज भी** कहा जाता है) का उद्घाटन किया, जो **ओखा मुख्य भूमि और गुजरात में बेयट द्वारका द्वीप को जोड़ने वाला, भारत का सबसे लंबा केबल-आधारित पुल** है।

- यह पुल तकनीकी रूप से एक समुद्री लिंक है, जो गुजरात के लिये पहला पुल है, जिसकी कुल लंबाई 4,772 मीटर है, जिसमें 900 मीटर लंबा केबल-आधारित पुल है।
    - इसमें फुटपाथ के ऊपरी हिस्से पर **सौर पैनल भी लगाए गए** हैं, जिससे **एक मेगावाट बिजली उत्पन्न** होती है।
- केंद्र सरकार ने इस परियोजना के **रणनीतिक महत्त्व को रेखांकित करते हुए इसे वित्तपोषित** किया।
- **बेट द्वारका,** केंद्रशासित प्रदेश दीव के बाद **गुजरात तट पर दूसरा सबसे बड़ा द्वीप है।**
- **सौराष्ट्र** के समुद्री तट के साथ चलने वाले **राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) 51** के एक हिस्से के रूप में निर्मित पुल, गुजरात सड़क और भवन विभाग के NH डिविज़न द्वारा बनाया गया था।
- **अटल सेतु** भारत का सबसे लंबा पुल है और साथ ही यह देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है।

[//](#)

और पढ़ें... [अटल सेतु न्हावा शेवा सी लिंक](#)